विवरण 17
Statement 17

रेलवे बोर्ड
RAILWAY BOARD

_____ रेलवे
(रेलवे का पूरा नाम) Railway
(Full name of the Railway)

क्षतिग्रस्त माल-डिब्बों की रुकौनी
DETENTION TO DAMAGED WAGONS

मास.....19.....के आंकड़े
For the month of.....19..

मद Item	यार्ड का नाम Name of the yard
1. मरम्मत लाइनों की क्षमता — Capacity in sick lines— ..	
1.01 मरम्मत लाइनों में महीने के दौरान मरम्मत हुए मालडिब्बों की संख्या: Number of wagons repaired during the month in sick lines: (*i*) लदे हुए Loaded ..	
(*ii*) खाली Empty ..	
(*iii*) जोड़ Total ..	
1.02 नामित लाइनों पर महीने के दौरान मरम्मत हुए मालडिब्बों की संख्या: Number of wagons repaired during the month on nominated lines: (*i*) लदे हुए Loaded ..	
(*ii*) खाली Empty .	
(*iii*) जोड़ Total ..	
1.03 रनिंग लाइनों पर महीने के दौरान मरम्मत हुए मालडिब्बों की संख्या: Number of wagons repaired during the month on running lines: (*i*) लदे हुए Loaded ..	
(*ii*) खाली Empty .	
(*iii*) जोड़ Total ..	
2. प्रति मालडिब्बा औसत रुकौनी :— Average detention per wagon —	
(क) आगमन से क्षति-अंकन (डैमेज लेबलिंग) तक: (*a*) From arrival to damage labelling: (*i*) लदे हुए Loaded	
(*ii*) खाली Empty ..	
(*iii*) जोड़ Total	

विवरण 17

क्षतिग्रस्त माल डिब्बों की रुकौनी

अनुदेश

टिप्पणी 1—चुनिन्दा मार्शलिंग यार्डों और यानान्तरण शेडों से सम्बद्ध मरम्मत लाइनों के लिए अलग-अलग आंकड़े अपेक्षित हैं जिसके सम्बन्ध में मासिक विवरण 14 और 16 के प्रयोजनार्थ आंकड़े इकट्ठे किये जाते हैं।

2. प्रोफार्मा में दिये गये "रनिंग लाइन" और "नामित लाइन" शब्दों का सम्बन्ध उन मरम्मतों से है जो क्रमशः यार्ड में आदान लाइनों पर और यातायात यार्ड में हल्के मरम्मत कार्य के लिए तथा धुरा बक्सों की री-पैकिंग के लिए अलग-से निर्धारित लाइनों अर्थात नियमित मरम्मत लाइन क्षेत्र से बाहर की जाती हैं। माल गोदामों, पारवहन शेडों, मार्शलिंग यार्डों आदि में मरम्मत लाइनों के उड़न दस्तों द्वारा की जाने वाली मरम्मतों का लेखा "रनिंग लाइन" के अन्तर्गत रखा जाना चाहिए।

3. सभी मालडिब्बों की गणना चौपहियों के हिसाब से की जाएगी। ब्रेक यानों को भी शामिल किया जाएगा।

4. यह विवरण रेलवे बोर्ड को भेजने की जरूरत नहीं है, लेकिन इसमें निर्धारित आंकड़े रेलवे के स्तर पर सम्हाल कर रखे जाने चाहिए ताकि मंडल कार्यालयों और प्रधान कार्यालयों में परिचालन/यांत्रिक अधिकारी उनका प्रयोग कर सकें।

1. **मरम्मत लाइनों की क्षमता**—इसमें अलग-अलग यार्डों में मरम्मत लाइनों की दैनिक कार्य-क्षमता दिखायी जायेगी जो अधिकतम वास्तविक धारण (होल्डिंग) क्षमता का 75 प्रतिशत मानी जानी चाहिए।

मद 1.01 मरम्मत लाइनो में महीने के दौरान मरम्मत किये गये मालडिब्बों की संख्या—इस में मरम्मत लाइनों/नामित लाइनों/रनिंग लाइनों में मरम्मत हुए मालडिब्बों (लदे हुए और खाली अलग-अलग) की संख्या दिखायी जायेगी।

मद 1.02 और 1.03—स्वतः स्पष्ट हैं।

2. **प्रति माल-डिब्बा औसत रुकौनी**—"लदे हुए", "खाली" और "जोड़" शीर्षों के अन्तर्गत विभिन्न मदों के आंकड़े अलग-अलग दिये जाने चाहिए। लेकिन औसत निकालने के लिए प्रत्येक मालडिब्बे की रुकौनियों का जोड़ लगाकर और तब उसे माल डिब्बे की संख्या से विभाजित करके निकाला जाना चाहिए। रुकौनी का समय मालडिब्बे के आगमन से गिना जाय, भले ही उसका आगमन पिछले महीने हुआ हो।

दुरुस्त रूप में आये हुए लेकिन बाद में यार्ड में काम के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मालडिब्बों के मामले में रुकौनी का समय उस क्षण से गिना जाये जब क्षतिग्रस्त मेमों जारी हुआ हो, न कि गाड़ी के आगमन के वास्तविक समय से।

मद 2 (क) आगमन से क्षतिग्रस्त अंकन तक.—यह यार्ड में गाड़ी के आगमन के वास्तविक समय और क्षति मेमों जारी होने के समय के बीच के अंतराल को दर्शाता है।

Statement 17

Detention to Damaged Wagons

Instructions

NOTE 1.— Separate figures are required for sick lines attached to selected marshalling yards and transhipment sheds for which statistics are collected for purposes of Monthly Statements 14 and 16.

2. The terms 'running lines' and 'nominated lines' in the proforma have reference to the repairs attended to respectively on the reception lines in the yard and the lines set apart for repacking of axle boxes and light repair work in the traffic yard etc., i. e., outside the regular sick lines area. Repairs conducted by the flying squads of sick lines in goods sheds, transit sheds, marshalling yards etc., should be accounted for under 'running lines'.

3. All wagons are to be counted in terms of four-wheelers. Brake-vans are also to be included.

4. This statement is not required to be furnished to the Railway Board, but the statistics prescribed herein should be maintained in a handy form at Railway's level for the use of Operating/Mechanical officers in the divisional and headquarters offices.

1. **Capacity in sick lines.**—This will show the daily working capacity in the sick lines in the respective yards which should be taken as 75% of the maximum physical holding capacity.

Item 1.01 **Number of wagons repaired during the month in sick lines.**—This will show the number of wagons (Separately loaded and empty) repaired in the sick lines/nominated lines/running lines.

Items 1.02 and 1.03—are self explanatory.

2. **Average detention per wagon.**—Figures under the various items should be given separately under the heads loaded, empty and total. The average should, however, be arrived at by totalling detentions to each individual wagon dealt with and then dividing the same by the total number of wagons dealt with. The detention time should be counted from the arrival of a wagon even if it arrived in a previous month.

In the case of wagons arriving fit but later getting damaged while being dealt with in the yard, the detention time should have reference only from the time of the issue of Damage Memo and not from the actual time of arrival of the train.

Item 2 (a) **Arrival to damage labelling.**—This will represent the interval between the actual time of arrival of the train in the yard and the time of issue of Damage Memo.

मद Item	यार्ड का नाम Name of the yard
(ख) क्षति-अंकन से मरम्मत लाइनों में स्थानन तक: (*b*) From damage labelling to placement in sick lines:	
(*i*) लदे हुए Loaded ..	
(*ii*) खाली Empty ..	
(*iii*) जोड़ Total ..	
(ग) मरम्मत लाइनों में स्थानन से मरम्मत पूरी होने तक: (*c*) From placement in sick lines to completion of repairs:	
(*i*) लदे हुए Loaded ..	
(*ii*) खाली Empty ..	
(*iii*) जोड़ Total ..	
(घ) मरम्मत पूरी होने से लेकर निकासी तक: (*d*) From completion of repairs to withdrawal:	
(*i*) लदे हुए Loaded ..	
(*ii*) खाली Empty ..	
(*iii*) जोड़ Total. ..	

मद 2 (ख) क्षति-अंकन से मरम्मत लाइनों में स्थानन तक:—यह क्षति-ज्ञापन (डैमेज मीमों) जारी होने का समय और मरम्मत लाइनों अथवा नामित लाइनों में मालडिब्बों के स्थानन का वास्तविक समय इन दोनों के बीच के अन्तराल का द्योतक है ।

Item 2 (b) **Damage labelling to placement in sick lines.**—This will represent the interval between the time of issue of Damage Memo and the actual time of placement of wagons in sick lines or nominated lines.

मद 2 (ग) मरम्मत लाइनों में स्थानन से मरम्मत पूरी होने तक—यह मरम्मत लाइनों अथवा नामित लाइनों में मालडिब्बों के स्थानन का वास्तविक समय और दुरुस्ती-ज्ञापन (फिट मेमों) जारी होने का समय इन दोनों के बीच के अन्तराल का द्योतक है । इस प्रकार, यदि किसी मालडिब्बे को मरम्मत लाइनों में 22.00 बजे स्थानित किया जाये, जब वहां कोई काम नहीं होता तो उसके लिए कोई छूट नहीं दी जायेगी और 22.00 बजे से लेकर उस माल-डिब्बे का दुरुस्ती-ज्ञापन जारी होने तक का कुल समय इस मद में शामिल किया जायेगा । यदि स्थानन के समय का कोई रिकार्ड न रखा गया हो तो इसे नमूना प्रेक्षण के आधार पर निश्चित किया जा सकता है ।

Item 2 (c) **Placement in sick lines to completion of repairs.**—This will represent the interval between the actual time of placement of wagons in the sick lines or nominated lines and the time of issue of Fit Memo. Thus, if a wagon is placed in sick lines at 22 hours when no work is performed there, no allowance should be given for that purpose and the entire time from 22 hours to the time Fit Memo for that wagon is issued is to be included against this item. If no record is kept of the placement time this may be fixed on the basis of sample observation.

रनिंग लाइनों पर मरम्मत होने वाले मालडिब्बों के मामले में, यह क्षति-ज्ञापन जारी होने का समय और दुरुस्ती-ज्ञापन जारी होने का समय इन दोनों के बीच के अन्तराल का द्योतक होगा ।

In the case of wagons attended to on the running lines, it will represent the interval between the time of issue of Damage Memo and the Fit Memo.

मद 2 (घ) मरम्मत पूरी होने से लेकर निकासी तक—यह दुरुस्ती-ज्ञापन जारी होने का समय और मरम्मत लाइनों अथवा नामित लाइनों से निकासी का समय इन दोनों के बीच के अन्तराल का द्योतक होगा । निकासी का समय या तो मरम्मत लाइनों के बन्द होने के समय को माना जायेगा अथवा नमूना प्रेक्षण के आधार पर निश्चित किया जायेगा ।

Item 2 (d) **Completion of repairs to withdrawal.**—This will represent the interval between the issue of Fit Memo and time of withdrawal from the sick lines or nominated lines. Withdrawal time may be taken either as the closing time of the sick lines or may be fixed on a sample observation basis.